**4. राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET-2024) की संरचना एवं विषयवस्तु (Structure and Content of REET-2024) परीक्षा पाठ्यक्रम**

4.1 लेवल-1 - (कक्षा 1 से कक्षा 5वीं तक) अधिकतम अंक 150, समय 2.30 घण्टा

**लेवल-1 में निम्न खण्डानुसार प्रश्न होंगे :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खण्ड - I | बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड- II | भाषा-I - हिन्दी/ अंग्रेजी / संस्कृत/उर्दू /सिन्धी / पंजाबी / गुजराती (भाषा-1 का चयन आवेदन पत्र में अंकित भाषा सूची में से ही किया जाना आवश्यक है। इस भाग में वही भाषा होगी जो शिक्षण माध्यम 'Medium of Instruction' की भाषा है। जिसका चयन ऑन-लाइन आवेदन में अंकित किया है।) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड - III | भाषा-II- हिन्दी/ अंग्रेजी / संस्कृत/उर्दू/सिन्धी/ पंजाबी / गुजराती (भाषा-II का चयन आवेदन पत्र में अंकित भाषा सूची में से ही किया जाना आवश्यक है। जिसका चयन ऑन-लाइन आवेदन में अंकित किया है। किन्तु यह भाषा - 1 के रूप में चयनित भाषा से भिन्न होगी।) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड- IV | गणित | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड- V | पर्यावरण अध्ययन | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |

नोट :- किसी भी कारण से परीक्षार्थी ने आवेदन पत्र में अंकित भाषा I व II के अलावा अन्य भाषा के प्रश्न हल किये हैं उसे मान्य नहीं माना जावेगा तथा उसका परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा तैयार होगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

**4.1.1. प्रश्नों का स्तर एवं प्रकृति :**

1. "बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ प्रश्न पत्र में 6 से 11 वर्ष तक की आयु के बच्चों के पठन एवं पाठन के स्तर से सम्बन्धित शैक्षणिक मनोविज्ञान, विद्यार्थियों के विविध मानसिक स्तर, उनकी आवश्यकता, उनसे अन्तर्किया तथा अच्छे शिक्षक के गुण एवं विशेषता आदि के बारे में समझ को परखने वाले प्रश्न पूछे जायेंगे।

2. भाषा-I के प्रश्न पत्र में आवेदन भरते समय अंकित भाषा से सम्बन्धित निपुणता की जाँच हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे। जिसे उसने आवेदन पत्र में दर्शाया है।।।

3. भाषा-II का चयन आवेदन पत्र में अंकित भाषा सूची में से ही किया जाना आवश्यक है। जिसे उसने आवेदन पत्र में दर्शाया है, किन्तु यह भाषा-1 के रूप में चयनित भाषा से भिन्न होगी। इस प्रश्न पत्र में भाषा-II की सामान्य समझ, सम्प्रेषण तथा उसकी बोधन क्षमता की परख हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे।

4. "गणित' तथा 'पर्यावरण अध्ययन विषय के प्रश्न पत्रों में संकल्पना, समस्या निवारण क्षमता तथा विषय के अध्यापन कौशल से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे।

5. बहु विकल्प प्रश्नों का मापदण्ड कक्षा I से V तक के राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शिक्षण सत्र 2024-25 के पाठ्यक्रम एवं विषय-वस्तु के आधार पर होगा, लेकिन प्रश्नों का कठिनाई स्तर सैकण्डरी (कक्षा 10) तक का होगा।

6. प्रश्न-पत्र का भाषा माध्यम (भाषा विषयों को छोड़कर) हिन्दी एवं अंग्रेजी में द्विभाषीय (Bilingual) होगा।

**4.2. लेवल-2 - (कक्षा 6 से कक्षा 8वीं तक) अधिकतम अंक 150 समय 2.30 घण्टा**

**लेवल-2 में निम्न खण्डानुसार प्रश्न होंगे -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खण्ड - I | बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड- II | भाषा-I - हिन्दी/अंग्रेजी / संस्कृत/उर्दू /सिन्धी/पंजाबी / गुजराती (भाषा-1 का चयन आवेदन पत्र में अंकित भाषा सूची में से ही किया जाना आवश्यक है। इस भाग में वही भाषा होगी जो शिक्षण माध्यम 'Medium of Instruction' की भाषा है। जिसका चयन ऑन-लाइन आवेदन में अंकित किया है।) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड - III | भाषा-II - हिन्दी/अंग्रेजी / संस्कृत/उर्दू / सिन्धी/पंजाबी / गुजराती (भाषा-II का चयन आवेदन पत्र में अंकित भाषा सूची में से ही किया जाना आवश्यक है। जिसका चयन ऑनलाइन आवेदन में अंकित किया है। किन्तु यह भाषा - 1 के रूप में चयनित भाषा से मिन्न होगी।) | 30 बहु विकल्प प्रश्न | 30 अंक |
| खण्ड- IV | (अ) गणित एवं विज्ञान के शिक्षक हेतु-IV (अ) गणित एवं विज्ञान विषय<br>या<br>(ब) सामाजिक अध्ययन के शिक्षक हेतु IV (ब) सामाजिक अध्ययन विषय<br>या<br>(स) अन्य विषय के शिक्षक हेतु IV (अ) अथवा IV (ब) में से कोई एक | 60 बहु विकल्प प्रश्न | 60 अंक |

नोट :- किसी भी कारण से परीक्षार्थी ने आवेदन पत्र में अंकित भाषा। व ।। के अलावा अन्य भाषा के प्रश्न हल किये हैं तो उसे मान्य नहीं माना जावेगा तथा उसका परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई भाषा के अनुरूप ही तैयार होगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

**4.2.1. प्रश्नों का स्तर एवं प्रकृति :**

1. "बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ प्रश्न पत्र में 11 से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के पठन एवं पाठन के स्तर से सम्बन्धित शैक्षणिक मनोविज्ञान, विद्यार्थियों के विविध मानसिक स्तर, उनकी आवश्यकता, उनसे अन्तर्क्रिया तथा अच्छे शिक्षक के गुण एवं विशेषता आदि के बारे में समझ को परखने वाले प्रश्न पूछे जायेंगे।

2. भाषा-। के प्रश्न पत्र में आवेदन पत्र भरते समय अंकित भाषा जिसे आवेदन पत्र में दर्शाया गया है. से सम्बन्धित निपुणता की जाँच हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे।

3. भाषा-II का चयन आवेदन पत्र में अंकित भाषा सूची में से ही किया जाना आवश्यक है, जिसे आवेदन पत्र में दर्शाया गया है। किन्तु यह भाषा-1 के रूप में चयनित भाषा से भिन्न होगी। इस प्रश्न पत्र में भाषा-॥ की सामान्य समझ, सम्प्रेषण तथा उसकी बोधन क्षमता की परख हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे।

4. "गणित एवं विज्ञान" तथा "सामाजिक अध्ययन विषय के प्रश्न पत्रों में संकल्पना, समस्या निवारण क्षमता तथा विषय के अध्यापन कौशल से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे।

5. कक्षा 6 से 8 तक के "गणित एवं विज्ञान" विषय में समान अनुपात में 60 प्रश्न (30 प्रश्न गणित विषय के एवं 30 प्रश्न विज्ञान विषय के) तथा 'सामाजिक अध्ययन" विषय में 60 प्रश्न उक्त विषय के पाठ्यक्रमानुसार पूछे जायेंगे।

6. बहु विकल्प प्रश्नों का मापदण्ड कक्षा VI से VIII तक के राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शिक्षण सत्र 2024-25 के पाठ्यक्रम एवं विषय-वस्तु के आधार पर होगा, लेकिन प्रश्नों का कठिनाई स्तर सीनियर सैकण्डरी (कक्षा 12) तक का होगा।

7. प्रश्न-पत्र की भाषा का माध्यम (भाषा विषयों को छोड़कर) हिन्दी एवं अंग्रेजी में द्विभाषीय (Bilingual) होगा।